UPJN(R) BANDA
@upjnrbanda

Show translation

दिनांक 05-11-2026 को लोकल मीडिया 'खबर लहरिया' के ई-संस्करण द्वारा प्रकाशित खबर "3 साल बाद भी आधे गांव तक नहीं पहुंचा जल जीवन मिशन का पानी" के संबंध में अवगत कराना है कि विकासखण्ड बड़ोखर खुर्द की ग्राम पंचायत चमरहा जल जीवन मिशन अंतर्गत अमलीकौर ग्रामसमूह पेयजल योजना से आच्छादित है। ग्राम में निर्मित शिरोपरि जलाशय (क्षमता 50 कि0ली0 / ऊँचाई 12 मी0) व पाइप लाइन 5.25 कि0मी0 बिछाकर 266 नग गृह जल संयोजन के माध्यम से घरों में पेयजलापूर्ति की जा रही है। कतिपय कारणों से वर्तमान में पेयजलापूर्ति आंशिक रूप से संचालित है, जिसके निस्तारण हेतु पाइपलाइन चोकेज की मरम्मत का कार्य प्रगति पर है तथा माह नवंबर, 2026 के अंत तक कार्य पूर्ण कर पेयजलापूर्ति नियमित एवं सुचारू रूप से संचालित कराया जाना प्रक्रियाधीन है।
@upswsm @UP_JN_Gramin @KhabarLahariya



